अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 24 दिसंबर 2021
पौष कृष्ण पंचमी
विक्रम संवत-2078

PAGE NO. : 07 TOP

हास्य व्यंग्य से भरपूर रहा नाटक 'इनसे मिलिए'

एसआरएमएस रिद्धिमा में किया गया मंचन

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। फिल्म जगत के जाने माने अभिनेता सलीम शाह के निर्देशन में एसआरएमएस रिद्धिमा में 'इनसे मिलिए' नाटक का मंचन किया गया। हास्य व्यंग से भरपूर इस नाटक में भावनाओं का संगम दर्शकों पर छाप छोड़ गया।

इस प्रस्तुति में तीन अलग अलग कहानियों पर मंचन किया गया। पहली कहानी श्यामनाथ नाम के व्यक्ति की है, जो घर पर रात्रिभोज पर अपने बॉस की मेजबानी कर रहे होते हैं। कहानी बीमार मां के सोते वक्त खर्राटे के इर्दगिर्द घूमती है। खर्राटे बॉस सुन न लें, इसे लेकर श्यामनाथ की ओर से किए गए जतन देख दर्शक अपनी हंसी न रोक सके। अलबत्ता आखिर में श्यामनाथ की मां से मिल कर बॉस बहुत खुश होता है।

रिद्धिमा में नाटक 'इनसे मिलिए' का मंचन करता कलाकार। संवाद

इस नाटक की दूसरी कहानी एक ऐसी महिला की है, जिसके बच्चे नहीं होते हैं। इसलिए उसकी सास और पति ढोंगी बाबा के चक्कर में आ जाते हैं और महिला उसके शोषण का शिकार हो जाती है। यह कहानी दर्शकों को काफी भावुक करती है। तीसरी एक जिद्दी मानसिकता के व्यक्ति की है, जो शहादत के नाम पर लोगों को मारता है। अंत में लोग उसकी शहादत की तैयारी कर लेते हैं। तब उसे अपनी गलती का एहसास होता है। पहली कहानी सलीम शाह ने लिखी है।

दूसरी कहानी वाणी कुमार और तीसरी कहानी ऋषभ वर्मा ने मोनोलॉग के जरिए परिभाषित किया। इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति आदि मौजूद रहे।